
## खास-खबरें

### दिव्यांग जनों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**गंजबासौदा।** दो दिसंबर दिन सोमवार को नगरपालिका परिषद गंजबासौदा में दिव्यांगजनहेतु स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में चिकित्सकों द्वारा दिव्यांगजनों की आंखों की जांच, बीपी, शुगर, खून आदि की जांच की जावेगी। यह शिविर दोपहर 12 से 3 बजे तक नगरपालिका कार्यालय परिसर में आयोजित किया जाएगा। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती शशि अनिल यादव ने सभी दिव्यांगजनों से उक्त शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

### कृति भाटी ने बढ़ाया मंदसौर का मान, हुआ नेशनल में चयन



**मंदसौर।** भोपाल में आयोजित 19 नवंबर से 28 नवंबर तक इंडिया ओपन कंपटीशन में भारत के सभी राज्यों से राइफल शूटर्स ने हिस्सा लिया जिसमें कृति भाटी ने सीनियर कैटेगरी में भाग लिया। कृति भाटी महाराणा प्रताप राइफल क्लब मंदसौर की कोच एवं राइफल शूटर हैं जिन्होंने 10 मीटर राइफल शूटिंग मे बेहतरीन प्रदर्शन करके 400 में से 387 अंक प्राप्त किये एवं 50 मी प्रोन पोजीशन राइफल शूटिंग में 600 में से 554 अंक प्राप्त करके नेशनल में अपनी जगह बनाई। 15 दिसंबर से भोपाल में आयोजित नेशनल कंपटीशन में कृति भाटी भाग लेंगी।

### सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

**विदिशा ( निप्र )।** कलेक्टर रोशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला सडक सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई, जिसमें पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी, अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, एसडीएम क्षितिज शर्मा, सीएसपी अतुल सिंह सहित समिति के अन्य समिति सदस्य उपस्थित रहें। विदिशा शहर के अन्दर दिन में कहीं भी बडे वाहन सडको के किनारे खडे ना हो। उन्होंने चिह्नित स्थलों पर पार्किंग व्यवस्था कराने पर बल दिया है।

### स्वास्थ्य शिविर में मेडिकल बोर्ड ने 104 का स्वास्थ्य परीक्षण कर यूडीआईडी कार्ड बनाए

**विदिशा ( निप्र )।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा जनपद पंचायत नटेरन के ग्राम पिपलधार में दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए गांव में ही स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें दिव्यांग जनों के यूडीआईडी कार्ड बनाए गए। जिला पंचायत सीईओ पंकज जैन ने बताया कि इस स्वास्थ्य शिविर में मेडिकल बोर्ड द्वारा 104 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर यूडीआईडी कार्ड बनाए गए।

### जिला परिवहन कार्यालय में ऑटो रिक्शा यूनियन की बैठक संपन्न

विदिशा (निप्र)। ऑटो रिक्शा के माध्यम से स्कूल आने-जाने वाले बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिला परिवहन कार्यालय में विदिशा नगर में संचालित ऑटो रिक्शा यूनियन के सदस्यों की बैठक संपन्न हुई, जिसमें ऑटो रिक्शा यूनियन के सदस्यों के साथ जिला परिवहन अधिकारी गिरिजेश वर्मा एवं यातायात थाना प्रभारी निरपत सिंह लोधी उपस्थित रहे।

बैठक में ऑटो रिक्शा यूनियन के सदस्यों को निर्देशित किया गया कि ऑटो रिक्शा में परिवहन करने वाले बच्चों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए। इसके लिए ऑटो रिक्शा में तीनों ओर से जाली वाले दरवाजे लगाए जाएं। निर्धारित संख्या में ही बच्चों का परिवहन किया जाए। कोई भी बच्चा वाहन से बाहर नहीं लटका होना चाहिए। ऑटो रिक्शा तेज गति से संचालित ना किया जाए। वाहन के वैध प्रपत्र रखे जाने तथा सवारियों से निर्धारित किराया ही लिए जाने हेतु निर्देशित किया गया। ऑटो रिक्शा का किराया पूर्व से निर्धारित है जो कि प्रथम किलोमीटर हेतु 20 रु. तथा उसके बाद प्रत्येक किलोमीटर हेतु 15 रु. (सम्पूर्ण ऑटो रिक्शा हेतु) निर्धारित है।

# नर्मदा का साफ पानी शिप्रा में छोड़ा लेकिन कान्ह नदी का दूषित पानी नहीं रोक सके



**उज्जैन।** शनिश्चरी अमावस्या पर्व के स्नान के लिए शिप्रा में पिछले 48 घंटे से नर्मदा का पानी छोड़ा जा रहा है लेकिन कान्ह का गंदा पानी भी इसमें पीछा नहीं छोड़ रहा है। इससे श्रद्धालुओं को साफ पानी मिलने के प्रयास त्रिवेणी पर दम तोड़ते नजर आ रहे हैं।

मिट्टी का अस्थायी पुल नहीं बनने से कान्ह का काला पानी लगातार नर्मदा के पानी में मिलकर उसे भी प्रदूषित कर रहा है, वहीं पीएचई इसे सहेज तक नहीं पा रहा है। त्रिवेणी के पीछे स्थित नागफनी पाइप लाइन से नर्मदा-शिप्रा लिंक परियोजना के तहत बुधवार से नर्मदा का साफ पानी छोड़ने की शुरुआत हुई। इसके लिए प्रशासन ने 27 नवंबर को एनवीडीए को पत्र भी भेजा था। करीब 1.5 एमएलडी (मिलियन लीटर पर-डे) लिया जा रहा है। यह साफ पानी त्रिवेणी घाट से होते हुए रामघाट की ओर जा रहा है ताकि शनिश्चरी अमावस्या पर श्रद्धालु साफ जल से स्नान करें जिससे उनकी आस्था आहत ना हो लेकिन त्रिवेणी घाट पर नर्मदा के पानी में कान्ह का गंदा पानी मिल रहा है। हालांकि, जिस जगह पानी मिल रहा है वह त्रिवेणी घाट से थोड़ा आगे है लेकिन यहां दिक्कत यह है कि नर्मदा का पानी लगातार आने से कान्ह के साथ मिलते हुए आगे की ओर जा रहा है और पानी के प्रेशर के चलते कान्ह के गंदे पानी का कुछ हिस्सा टर्न लेकर त्रिवेणी घाट की ओर भी जा रहा है। इसी जल से श्रद्धालु रविवार को स्नान करेंगे। नर्मदा के साफ पानी को गंदा होने से बचाने के लिए हर बार त्रिवेणी पर मिट्टी डालकर अस्थायी पुल बनाया जाता है। इस बार शुक्रवार सुबह तक यह नहीं बन सका है। केवल मिट्टी डालकर छोड़ दिया गया है जिससे गंदा पानी धड़ल्ले से नर्मदा के साफ पानी में मिल रहा है। नर्मदा का पानी छोड़े जाने से शुक्रवार सुबह रामघाट पर शिप्रा का जलस्तर बढ़ गया। पानी छोटी रपट के ऊपर आ गया। जिसमें से होकर श्रद्धालु रामघाट से दत्त अखाड़ा घाट की ओर आते-जाते रहे। सुरक्षा के मद्देनजर पानी बढ़ने का अनाउसमेंट भी किया जाता रहा। साथ ही स्नान के लिए आए श्रद्धालुओं को गहरे पानी में नहीं जाने की चेतावनी भी दी गई। पर्व व त्यौहारों पर प्रशासन श्रद्धालुओं को साफ जल में स्नान करवाने के दावे करता है। इसके लिए, नर्मदा का पानी भी लिया जाता है लेकिन कान्ह के दूषित पानी को मिलने से रोकने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए जाते। इसी का परिणाम है आज भी नर्मदा का पानी भले ही लिया जा रहा है लेकिन कान्ह का पानी मिलने से पीएचई रोक नहीं पा रहा है।

# महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा घरेलू हिंसा पर कार्यक्रम का आयोजन



**बैरसिया।** शुक्रवार को महिला एवं बाल विकास परियोजना बैरसिया द्वारा जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान हम होंगे कामयाब फखवाड़ा का आयोजन बार्ड नंबर 15 की आंगनवाड़ी में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम (25 नवंबर से 10 दिसंबर) के दौरान प्रतिदिन जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम के संबंध में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। इसी क्रम में परियोजना स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें ऊर्जा डेस्क की एसआई प्रियांशी कौरव अधिवक्ता गायत्री ठाकुर मोहनी सोलंकी द्वारा घरेलू हिंसा महिला सुरक्षा अधिनियम के सहायता सेवाओं के हेल्पलाइन नंबर 1098 एवं 100 डायल और जीरो एफ आई आर के बारे में महिलाओं से संवाद कर जानकारी दी गई इस मौके पर विभाग की पर्यवेक्षक श्रीमती सपना दुबे श्रीमती कल्पना श्रीमती कमला रैकवार श्रीमती जागृति गौर एवं बैरसिया की महिला एवं किशोरी बालिकाएं एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका उपस्थित रही।

## पीएम मोदी की पत्नी जशोदाबेन पहुंची उज्जैन, महाकाल दर्शन किए



**उज्जैन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की धर्मपत्नी जशोदाबेन शुक्रवार को उज्जैन पहुंची तथा उन्होंने भगवान महाकाल के दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने चांदी द्वार पर माथा टेककर पूजन-अर्चन कर जलाभिषेक किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की धर्मपत्नी जशोदाबेन इन दिनों निजी कार्यक्रम के तहत धार्मिक नगरी उज्जैन में हैं। शुक्रवार को वे महाकालेश्वर मंदिर पहुंचीं, जहां उन्होंने बाबा महाकाल के दर्शन किए और भोग आरती में शामिल हुईं।

महाकालेश्वर मंदिर के पुजारी पंडित अर्पित गुरु ने बताया कि जशोदाबेन ने बाबा महाकाल के चांदी द्वार पर माथा टेककर पूजन-अर्चन और जलाभिषेक किया। इसके बाद, उन्होंने नंदी हॉल में जाकर नंदीजी के कानों में अपनी मनोकामनाएं कही और नमः शिवाय का जाप करते हुए ध्यान लगाया।

## कलेक्टर ने नायलॉन या किसी सिंथेटिक सामग्री से बने डोर पतंग स्ट्रिंग पर लगाया प्रतिबंध

**मंदसौर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती अदिति गर्ग ने जिले की राजस्व सीमा अंतर्गत आगामी मकर संक्रांति पर्व के दौरान लोक हितो को दृष्टिगत रखते हुए, कानून व्यवस्था सामान्य बनाए रखने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। नायलॉन, चीनी और कपास के साथ लेपित मांझा (चायनीज मांझा) कांच के साथ लागू होता है, क्योंकि यह मनुष्यों और पक्षियों दोनों के लिये हानिकारक है, जिससे इसके निर्माण एवं विक्रय पर प्रतिबंध रहेगा। सिंथेटिक सामग्री, मांझा के विनिर्माण के बिक्री, भंडारण (दुकानों में) खरीद और उपयोग पर प्रतिबंध रहेगा। उक्त आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जायेगी। यह आदेश सर्वसाधारण को संबोधित हैं और इसकी तामिली प्रत्येक व्यक्ति पर सम्यकरूपण करना और उसकी सुनवाई संभव नहीं है।

# जलवायु अनुकूल कृषि पद्धतियों पर कृषकों का प्रशिक्षण संपन्न



**भोपाल।** स्मॉल ग्रांट प्रोग्राम के सातवें परिचालन चरण के अंतर्गत ऊर्जा और संसाधन संस्थान के सहयोग से नेशनल सेंटर फॉर ह्यूमन सेटलमेंटस एंड एनवायरमेंट भोपाल द्वारा दमोह जिले की तेंदूखेड़ा तहसील के देवरी लीलाधर और पटलोनी गांव में जलवायु अनुकूल पद्धतियों को अपनाकर अवक्रमित/ कृषि-पारिस्थितिकी तंत्र की स्थिरता और उत्पादकता में सुधार हेतु परियोजना क्रियान्वित की जा रही है।

इस परियोजना का उद्देश्य ग्रामीण समुदाय को ऐसी प्रौद्योगिकियों और पद्धतियों को अपनाने के लिए शिक्षित और प्रोत्साहित करना है, जो प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, बदलती जलवायु परिस्थितियों के अनुरूप कृषि पद्धतियों, पारिस्थितिकी सेवाओं में सुधार के साथ-साथ पर्यावरण के और अधिक क्षरण को रोकने और उनकी आजीविका को बढ़ाने में सहायक हों।

इसी कड़ी में 28 नवम्बर को कृषि विज्ञान केन्द्र दमोह में परियोजना क्षेत्र के 30 से अधिक कृषकों का क्षमतावर्धन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र से वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. एम.के. अहिरवार, कृषि वैज्ञानिक डॉ. राजेश द्विवेदी एवं वैज्ञानिक डॉ बी.एल.साहू द्वारा विभिन्न कृषि से संबंधित जलवायु अनुकूल पद्धतियों पर कृषकों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। जिसमें भूमि की तैयारी, मृदा स्वास्थ्य, फसल बोने की पद्धतियों जैसे संतुलित एवं उन्नत बीज, बीज अंकुरण परिक्षण, बीज उपचार, लाइन से बीज बुवाई, संतुलित उर्वरक, खाद व कीटनाशक छिड़काव, सुक्ष्म पोषक तत्व प्रबंधन, फसलों में समय से सिंचाई पद्धतियों, कीट एवं रोग नियंत्रण एवं फसलों की कटाई व बीज भंडारण, नरवाई प्रबंधन आदि जानकारियों से किसानों को अवगत कराया गया। कृषि विभाग से जिला सहायक संचालक कृषि जे.एल. प्रजापति ने विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

# चित्रकूट से आईं पादुकाओं की निकली शोभा यात्रा



**गंजबासौदा।** श्री रामरसधारा परिवार द्वारा 6 दिसंबर को नगर में विवाह पंचमी के मौके पर श्री सीताराम विवाह महोत्सव के उपलक्ष्य में निकाली जा रही।

भव्य श्रीराम बारात में शामिल होने के लिए चित्रकूट से आई पादुकाओं की शुक्रवार को नगर में शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा स्टेशन रोड स्थित नौलखी मंदिर से बैंड बाजे के साथ नगर का भ्रमण करते हुए गांधी चौक स्थित राम जानकी मंदिर पहुंची जहां पादुकाओं को पूजन के बाद उन्हें सीताराम संकीर्तन पीठ में विराजमान कराया गया।

श्रीराम रस धारा परिवार के संस्थापक पं अंकुर माधव महाराज ने बताया कि चित्रकूट की परिक्रमा करने वाले नगर के एक भक्त आशुतोष शर्मा द्वारा ये चरण पादुकाएं भेंट की गई हैं जो की राम बारात में शामिल होंगी। अब यह पादुकाएं विवाह के पश्चात भी स्थाई रूप से नगर में ही श्री सीताराम संकीर्तन पीठ में विराजमान रहेगी। जहां-जहां भी श्री सीताराम संकीर्तन होगा वहां पादुकाएं साथ रहेंगीं। राम जी का स्वरूप मानकर शुक्रवार को इन पादुकाओं की धूमधाम के साथ नगर में शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में महिलाएं जहां मंगल गीत गाते हुए चल रही थीं वहीं पुरुष वर्ग आनंद में भाव विभोर होकर नृत्य कर रहे थे। थाल में सजी पादुकाओं को श्रद्धालु श्रद्धा और भक्ति के साथ अपने सिर पर रखकर आनंदित थे। रास्ते भर जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पादुकाओं की पूजन कर उन पर पुष्प वर्षा और आरती उतार कर स्वागत किया। शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के अलावा साधु संत सहित नगर के गणमान्य नागरिक मौजूद थे।


**NAME CHANGE**

I Balram Malviya declared that my previous name was Balram at present I known a new name is Balram Malviya H.No. 164, Ward No.05 Sanchi, Raisen (M.P.)

2724



**कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल**

**आम सूचना**

क्रमांक 1326/ राजस्व/भोविप्रा/23, भोपाल दिनांक 06/10/2023

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की साकेत नगर योजना स्थित भवन क्रमांक-20 सेक्टर-2-बी श्री गोपाल चंद्र मित्रा एवं श्रीमती रंजीता मित्रा के संयुक्त नाम अंकित है। आवंटी श्री गोपाल चंद्र मित्रा का स्वर्गवास दिनांक 29.12.2022 को हो जाने के कारण आवंटी के वारिस श्रीमती रंजीता मित्रा, श्री अरिंदम मित्रा एवं शार्मिष्ठा गुहा ठाकुरदा आत्मज स्व. श्री गोपाल चंद्र मित्रा द्वारा आवेदन पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त भवन का नामांतरण अपने नाम पर चाहा है।

उक्त भवन के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से सात दिवस के अन्दर लिखित एवं साक्ष्य/दस्तावेजों के साथ इस कार्यालय को अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि के पश्चात् कोई भी दावा /आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी, तथा प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

राजस्व अधिकारी
भोपाल विकास प्राधिकरण भोपाल

2723



**कार्यालय नगर पालिक निगम,भोपाल**
**वैध कॉलोनी प्रकोष्ठ, शाहपुरा**

क्रमांक-1122/का.प्र./2024 भोपाल दिनांक 27.11.2024

**॥ सार्वजनिक विज्ञप्ति ॥**

**मध्यप्रदेश नगर पालिका (कालोनी विकास) नियम 2021 के नियम 13 (2) के अन्तर्गत**

सर्वसाधारण जनता की जानकारी के लिए इस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता है कि श्री/अध्यक्ष/मेसर्स प्राईम बिल्डकॉन द्वारा ग्राम मिसरोद स्थित भूमि खसरा क्र. 224/1/1 कुल रकबा 1.214 हेक्टेयर में से 0.607 हेक्टेयर (6070.00 व.मी.) पर भोपाल नगर पालिका निगम क्षेत्र के अधीन भूखण्ड धारक होकर क्षेत्र में आवासीय कॉलोनी "PRIME STREET" निर्मित करने जा रहे है के द्वारा कुल बंधक किया गया भूखण्डो का क्षेत्रफल 953.49 व.मी. नगर तथा ग्राम निवेश जिला भोपाल द्वारा जारी अनुमोदित मानचित्र क्रमांक-BPLLP02072414022 दिनांक 09/10 /2024 में दर्शित भूखण्ड क्र. -सी 01 क्षेत्रफल 177.16 व.मी. भूखण्ड क्र.-02 क्षेत्रफल 201.30 व.मी. भूखण्ड क्र.-14 क्षेत्रफल 144.78 व.मी., भूखण्ड क्रं.-15 क्षेत्रफल 144.78 व.मी. भूखण्ड क्रं. 16 क्षेत्रफल 139.86 व.मी., भूखण्ड क्रं.-23 क्षेत्रफल 145.61 व.मी. इस प्रकार कुल 06 भूखण्डों जिनका कुल क्षेत्रफल 953.49 व.मी. नगर निगम भोपाल के पक्ष में बन्धक रखे गये हैं। ये भूखण्ड इस क्षेत्र की कॉलोनी का आंतरिक विकास कार्य पूर्ण होने के पश्चात् नियमानुसार बंधक मुक्त किये जावेगे तथा इसी के पश्चात् इन भूखण्ड का विक्रय किया जा सकेगा।

अतः सर्वसाधारण इन भूखण्डों के संबंध में न तो अनुबंध करें न ही किसी भी प्रकार के विक्रय, बंधक तथा अंतरण की कोई कार्यवाही करें अन्यथा वह निरस्त मानी जावेगी अतः सूचित हो।

नगर निवेशक एवं सक्षम प्राधिकारी नगर पालिक निगम, भोपाल

2722


# भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में गंजबासौदा तहसील का रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन



**गंज बासौदा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार पिछले 30 वर्षों से भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन करता आ रहा है। पिछले चार वर्षों से इस परीक्षा का आयोजन तहसील प्रभारी सुरेश सैनी के मार्ग दर्शन व नेतृत्व में किया जा रहा है। जिला प्रभारी रश्मि पोरवाल के कुशल मार्गदर्शन में यह परीक्षा पूरे जिले में आयोजित की गई।

पूरे भारत वर्ष में लगभग 50 लाख छात्र प्रति वर्ष इस परीक्षा में बैठते हैं। इस परीक्षा में कक्षा 5 से लेकर महाविद्यालयों में अध्ययन करने वाले छात्र भाग ले सकते हैं। इस वर्ष अटल विहारी मेडीकल कालेज में अध्ययन कर रहे छात्रों ने विशेष रुचि दिखाई और 461 छात्रों ने परीक्षा दी। यह सब तहसील प्रभारी सुरेश सैनी के विशेष प्रयासों व प्रेरणा का नतीजा है। साथ ही इस बात का संकेत भी है, कि पूज्यवर गुरुदेव ने आध्यात्म और विज्ञान दोनों के विकास का जो सपना देखा था, वह अब फलीभूत होता नजर आ रहा है। वे हमेशा कहते थे कि अध्यात्म व विज्ञान एक दूसरे के पूरक हैं, दुश्मन नहीं। वह अब देखने को मिल रहा है। इस परीक्षा में शा. उच्चतर. विद्यालय के 287, डॉल्फिन स्कूल के 232, सेण्ट एस.आर. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के 164, रतनवाई स्कूल के 152, सैण्ट जोसफ स्कूल के117, नवांकुर स्कूल के 129, केन्द्रीय विद्यालय के 126, शा. मौडल स्कूल के073, शा. हाई स्कूल खडेर के 84, वात्सल्य स्कूल के 86, बी. एम. सी. स्कूल के 89, स्कोलर प. स्कूल के 59, सी एम राइज स्कूल के 43, शा. उमावि वागरोद56,शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के157,शासकीय कन्या मंडी64, पिथौली 31,फ्रीगंज हाई स्कूल46, शा. मा.शाला से 32, शा. हाई स्कूल फरीदपुर से 36,स्पन्दन स्कूल से 20,शासकीय माध्यमिक शाला मडिया सेमरा से 23,सरस्वती ज्ञान मंदिर 28, छात्रों ने परीक्षा दी। तहसील प्रभारी सुरेश सैनी ने बताया कि हमारे द्वारा तहसील बासौदा, त्योंदा एवं विदिशा के लगभग 40 स्कूलों और पांच कॉलेजों में संपर्क साधा गया था। जिसमें से 28 स्कूलोंऔर 3 कॉलेज में सफलता मिली इस अभियान को सफल बनाने में जिला प्रभारी रश्मि पोरवाल,परिजन रमेश विश्वकर्मा, राकेश पाण्डे, राम किशन सैनी, साधना सैनी,सुधा भारद्वाज का विशेष योगदान रहा वहीं पर अटल बिहारी वाजपई मेडिकल कॉलेज के डीन चिकित्सा अधिकारी और सर्जरी विभाग के डॉक्टर आदि का विशेष योगदान रहा। मेडिकल कॉलेज जिला विदिशा में सबसे अधिक छात्र परीक्षा में बैठे।


**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, प्रक्षेत्र-2, अयोध्या नगर, भोपाल**

**आम सूचना**

सोनागिरी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में भूखण्ड/ भवन क्रमांक 01 सी-सेक्टर मण्डल द्वारा श्री संतोष चौकसे आत्मज स्व. श्री जी.सी. चौकसे एवं श्रीमती मनीषा चौकसे पत्नी श्री संतोष चौकसे के संयुक्त नाम हस्तान्तरण आदेश क. 1108-10 दिनांक 23/4/2011 को हस्तान्तरित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 01/09/2010 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। आवंटी द्वारा लीज नवीनकरण को उप पंजीयन कार्यालय से दिनांक 12/09/2024 को पंजीकृत है। क्रेता / विक्रेता द्वारा आवेदन, परिचय पत्र, शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ-पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति श्री प्रणव भोले आत्मज श्री सुनील कुमार भोले के नाम पर हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है एवं उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 26/09/2024 को क्रेता के पक्ष में दस्तावेज पंजीकृत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त संपत्ति श्री प्रणव भोले आत्मजश्री सुनील कुमार भोले के नाम पर हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है। उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति /उत्तराधिकारी / या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

2720 सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-2 भोपाल



**न्यायालय तहसीलदार वृत्त-3 तहसील-हुजूर जिला भोपाल**

प्र.क्र. 4332/अ-6/2024-25
मौजा छापरी तहसील हुजूर भोपाल

**उद्घोषणा पत्र**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री राममिलन कटियार आ. श्री रामगोपाल कटियार व अन्य निवासीगण किले अंदर चौपड़ा नियर मनोज भवन विदिशा म.प्र. ने द्वारा म.प्र.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 109,110 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दस्तावेज ई-पंजीयन क्रमांक 6951 दिनांक 18.03.2015 के आधार पर क्रय की गई भूमि खसरा क्रमाक 290 291, 292, 293 295/2 रकबा कमशः 0.400 0. 370, 0.210, 0.540, 0.200 हे. कुल रकबा 1.720 हेक्टेयर मेसे 1000 वर्गफिट अर्थात 92.93 वर्गमीटर, स्थित ग्राम छापरी प.ह.न. 47 स्थित तहसील हुजूर जिला भोपाल का नामांतरण राजस्व अभिलेखों में आवेदक के नाम स्वीकृत किए जाने का अनुरोध किया गया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 09.12.2024 को या इससे पूर्व इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्रस्तुत किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। उक्त उद्घोषणा पत्र मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 28.10. 2024 को जारी किया गया।

2721 न्यायालय तहसीलदार वृत्त-3
तहसील-हुजूर जिला भोपाल



**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, प्रक्षेत्र-1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक भोपाल**

**आम सूचना**

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, टीला जमालपुरा, भोपाल (म.प्र.) में स्थित भवन क्रमांक जनता / जे -163 मण्डल द्वारा श्रीमती लक्ष्मी करण पत्नी स्व. श्री जगदीश सिंह करण के नाम पर आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 18/03/2015 को किया गया है। श्रीमती लक्ष्मी करण का स्वर्गवास दिनांक 16/03/2016 को एवं उनके पति का स्वर्गवास पूर्व में हो गया है। आवेदक आवंटी के पुत्र श्री शेखर सिंह करण आत्मज स्व. श्री जगदीश सिंह करण ने मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, अन्य वारिसों के अनापत्ति शपथ पत्र एवं मण्डल का निर्धारित आवेदन पत्र व अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति के नामांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी /संस्था / वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

2719 सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1 भोपाल



**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, प्रक्षेत्र-1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक भोपाल**

**आम सूचना**

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, टीला जमालपुरा, भोपाल (म.प्र.) में स्थित फ्लेट क्रमांक एल.आई.जी.-46 प्रथम तल मण्डल द्वारा श्री सुदामालाल थारानी आत्मज स्व. श्री जग्गूमल थारानी के नाम पर आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 07/05/1996 को किया गया है। श्री सुदामालाल थारानी का स्वर्गवास दिनांक 19/10/2006 को व उनकी पत्नी श्रीमती विद्या थारानी का स्वर्गवास पूर्व में हो गया है एवं उनके भाई श्री ब्रिजलाल थारानी का स्वर्गवास दिनांक 09/11/2023 को हो गया है। आवेदक आवंटी के भतीजे श्री विनोद थारानी आत्मज स्व. श्री ब्रिजलाल थारानी ने मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, अन्य वारिसों के अनापत्ति शपथ पत्र एवं मण्डल का निर्धारित आवेदन पत्र व अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति के नामांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/ उत्तराधिकारी /स्था / वित्तीय संस्था इत्यादि को के साथ कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

2718 सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1 भोपाल